ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, सोमवार 31 मार्च 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 13


# झूमी सखियां, इठलाई गणगौर,पारम्परिक गीतों के बीच घूमर ने बांधा समां
## उदयपुर में गणगौर महोत्सव का भव्य शुभारंभ, लोक संस्कृति की अनुपम झांकी



24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। झीलों की नगरी उदयपुर में गणगौर महोत्सव की भव्यता अपने चरम पर है। चार दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में पूरे शहर का वातावरण रंग-बिरंगी आभा, पारंपरिक संगीत और भक्तिमय उल्लास से सराबोर हो गया है। गणगौर महोत्सव में विभिन्न समाजों की गणगौर माता की शोभायात्रा निकाली गई तो छटा लाल रंग में रग गई। राजमाली समाज, मारू कुमावत समाज, कहार भोई समाज, गांछी समाज, वसीटा धोबी समाज सहित कई समाजों की गणगौर को श्रद्धा और भक्तिभाव से लाल चुनरी ओढ़ाकर लाया गया। इन गणगौरों की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की गई और जल आचमन करवा कर वापस ले जाया गया। चार दिनों तक यह धार्मिक अनुष्ठान चलेगा और अंतिम दिन गणगौर माता का विसर्जन किया जाएगा। इस बीच आज सांझ ढलते ही जब शाही गणगौर बोट झील की लहरों पर तैरने लगी, तो हर ओर हर्षोल्लास छा गया। बोट में शाही लिबास में बैठे लोगों ने स्वागत किया। तो परम्पराएं व इतिहास मुसकुरा उठे। शाही परंपरा के गौरव को जीवंत कर दिया। उनके साथ चल रही तीन छोटी बोटों में पारंपरिक राजस्थानी नृत्य और घूमर की छटा देखते ही बन रही थी। जल में दीपों की झिलमिलाहट और लोकगीतों की स्वर लहरियों ने माहौल को दिव्य बना दिया।

### अलग-अलग समाजों की गणगौर का भव्य आगमन

महोत्सव की सबसे बड़ी विशेषता रही कि इसमें जगदीश चौक पर शानदार घूमर नृत्य हुआ जिसे देखने विदेशी सैलानी भी उमड़े। बीच बीच में झांकियों व कच्छी घोड़ी सहित अन्य नृत्य से समां बंध गया। पारंपरिक पोशाकों में सजे गेर नर्तकों ने जब घूम-घूमकर नृत्य किया, तो पूरा वातावरण मंत्रमुग्ध हो उठा। साथ ही, पारंपरिक कच्छी घोड़ी नृत्य ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। राजस्थानी संगीत के बिना गणगौर महोत्सव अधूरा माना जाता है। इस दौरान लोक कलाकारों ने "गोर गोर गोमती, ईसर पूजे पार्वती", "म्हारी घूमर छै नखराली", "निम्बूडा-निम्बूडा" और "केसरिया बालम आओ नी पधारो म्हारे देस" जैसे गीतों से समां बांध दिया। ढोल-नगाड़ों की ताल पर जब गणगौर की सखियां पारंपरिक वेशभूषा में झूम उठीं, तो पूरी नगरी इस रंग में रंग गई।

### ईसर और पार्वतीः शिव-पार्वती का प्रतीक

गणगौर पर्व में ईसर और पार्वती की आराधना की जाती है, जो भगवान शिव और मां पार्वती का प्रतीक हैं। सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य और कुंवारी कन्याएं उत्तम वर की कामना के लिए गणगौर माता की पूजा करती हैं। चार दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव का अंतिम दिन सबसे खास होगा, जब गणगौर माता को झील में विसर्जित किया जाएगा। उदयपुर की झीलों के किनारे उमड़े श्रद्धालु जब गणगौर माता को विदा करेंगे, तब यह दृश्य न केवल भक्ति का, बल्कि राजस्थानी संस्कृति की समृद्धि का भी प्रतीक बनेगा। गणगौर महोत्सव ने एक बार फिर उदयपुर की धरती को संस्कृति, भक्ति और उल्लास से सराबोर कर दिया है।















# राजस्थान में गणगौर की सवारी:जयपुर में शाही लवाजमे से निकली, लोगों के बीच पहुंचा 'पीके'; जोधपुर में 2 किलो सोने के गहने पहनकर निकली



जयपुर सहित पूरे राजस्थान में आज गणगौर की सवारी निकाली जा रही है। जयपुर में हाथी, ऊंट, घोड़ों के साथ राजसी ठाठ-बाट के साथ सवारी निकली है। त्रिपोलिया गेट पर जयपुर के पूर्व राजपरिवार सदस्य पद्मनाभ सिंह ने गणगौर माता की पूजा-अर्चना की। शोभायात्रा के दौरान ड्रोन से फूल बरसाए जा रहे हैं। जगह-जगह गणगौर का स्वागत किया गया। लोक कलाकार कच्छी घोड़ी, गेर समेत कई तरह के फोक डांस करते नजर आए। बहरुपिया कलाकारों ने अपने स्वांग से सैलानियों और लोगों को आकर्षित किया।

उदयपुर में जगदीश चौक से निकली गणगौर की सवारी के आगे कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। उदयपुर में नाव पर गणगौर की सवारी निकाली गई है। पिछोला झील के गणगौर घाट पर बड़ी संख्या में देसी-विदेशी पर्यटक शोभायात्रा को देखने पहुंचे।

जोधपुर में 2 किलो सोने के गहनों से सजी गवर माता की सवारी पेला मूंदड़ों की गली, राखी हाउस से शुरू हुई। यहां गणगौर की सवारी में 30 अलग-अलग झांकियां सजाई गई।



# जोधपुर में धूमधाम से निकलेगी गंवर माता की शोभायात्रा:क्राउन के बग्गी में विराजमान होंगी मां, 2 किलो सोने के आभूषण से होगा शृंगार



जोधपुर में चैत्र नवरात्र की तीज के मौके पर आज गंवर माता की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। इसको लेकर तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जोधपुर में माता का दो किलो से अधिक सोने के गहनों से श्रृंगार किया जाएगा। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेंगे।

### क्राउन वाली बग्गी में होंगी विराजित

हर साल की तरह इस बार भी धूमधाम से शोभायात्रा निकाली जाएगी। शाम को होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर पुलिस भी अलर्ट है। गंवर माता की सवारी शाम छह बजे पेला मूंदड़ों की गली, राखी हाउस से प्रांरभ होगी। संयोजक अशोक भैया ने बताया कि इस बार गंवर माता की शोभायात्रा में अनोखी क्राउन वाली सुसज्जित बग्गी में होगी जिसे अलग से तैयार करवाया गया है। यह बग्गी करीब एक माह में तैयार की गई है। इसके अलावा तीस झांकियां, चार बैंड सहित स्पेशल भगवान शिव की झांकी भी सजाई जाएगी।

शोभायात्रा पुंगलपाड़ा, हट्टड़ियों का चौक, कबूतरों का चौक, जालोरी गेट के अन्दर, बालवाड़ी स्कूल, खाण्डा फलसा, आडा बाजार, सर्राफा बजार, कपड़ा बजार, सिटी पुलिस, त्रिपोलिया बाजार, होते हुए घंटाघर में विश्राम कर वापिस माणक चौक, लखारा बाजार होते हुए रात दो बजे तक राखी हाउस पहुंचेगी।

## संपादकीय : अभिव्यक्ति का हक

किसी भी देश के लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती यह होती है कि वहां अलग-अलग विचारों या मत को जाहिर करने के मामले में ऐसी बंदिशें नहीं होतीं, जिसे अभिव्यक्ति के दमन के तौर पर देखा जाए। एक वैचारिक रूप से सशक्त और परिपक्व समाज अपने विवेक के स्तर पर इतना समृद्ध होता है कि वह किसी विचार में मानवीय मूल्यों और संदर्भों को दूरगामी परिप्रेक्ष्य में देख सके। विडंबना यह है कि विचारों की जिस भिन्नता की बुनियाद पर एक स्वस्थ समाज का सपना साकार हो सकता है, उसी को कई बार सवालों के कठघरे में खड़ा कर दिया जाता है और इस तरह उसका दमन करने की कोशिश की जाती है । सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को एक बार फिर इस प्रवृत्ति को लोकतंत्र और अभिव्यक्ति के सामने चुनौती की तरह देखा और साफ शब्दों में कहा कि अगर विचार और राय व्यक्त करने की आजादी नहीं होगी तो सम्मानजनक जीवन जीना नामुमकिन होगा, जिसकी गारंटी संविधान के तहत दी गई है। गौरतलब है कि राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ सोशल मीडिया उत्तेजक गीत के साथ एक संपादित वीडियो पोस्ट करने के लिए गुजरात के जामनगर में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप यह था कि गाने के बोल उत्तेजक, राष्ट्रीय एकता के लिए हानिकारक और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचने वाले हैं। मामले की सुनवाई के बाद कथित 'भड़काऊ' कविता को लेकर दर्ज प्राथमिकी को रद्द करते हुए अदालत ने कहा कि साहित्य, जिसमें कविता और नाटक फिल्में मंचीय कार्यक्रम जैसे स्टैंड-अप हास्य, तंज और कला शामिल हैं, जीवन को और अधिक सार्थक बनाते हैं। पीठ ने यह अहम टिप्पणी भी की कि हमारे गणतंत्र के पचहत्तर वर्ष के बाद भी हम इतने कमजोर नहीं दिख सकते कि सिर्फ एक कविता, कला या मनोरंजन के किसी भी रूप के प्रदर्शन से समुदायों के बीच दुश्मनी या घृणा पैदा होने का आरोप लगाया जा सकता है। जाहिर है, अभिव्यक्ति पर बंदिश के लिए जिस तरह की परिस्थितियां रची जाती हैं, पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह की चुनौतिवं देखी जा रही हैं, ये देश में लोकतंत्र के लिए आखिरकार नुकसानदेह साबित होंगी और अदालत ने इसी को लेकर अपनी फिक्र जताई है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि कोई भी लोकतंत्र तभी और ज्यादा मजबूत बनता है, जब उसमें अलग-अलग विचारों के प्रति भिन्न समुदायों के भीतर सहिष्णुता के लिए पर्याप्त जगह होती है। यों भी संविधान सभी नागरिकों को भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार प्रदान करता है। खासतौर पर बौद्धिक समाज अपने दायरे में किसी विचार के प्रति समर्थन या विरोध व्यक्त करने के लिए कई बार अलग-अलग रचनात्मक विधाओं का सहारा लेता है। उसमें कानून और संविधान के तहत मिली आजादी के दायरे में वैसा आलोचनात्मक स्वर भी हो सकता है, जो किसी न किसी रूप में देश में लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूत करे। अफसोस की बात है कि कई बार शब्दों में निहित संदेशों और प्रभाव को वैसे लोगों के आग्रहों के आधार पर देखने की कोशिश की जाती है, जो नाहक ही असुरक्षाबोध से घिरे रहते हैं और किसी स्वस्थ आलोचना को भी अपने लिए खतरा मानते हैं। अगर इस तरह के अभिव्यक्तियों को दबाने के प्रयास किए जाएंगे तो वह न केवल एक स्वतंत्र समाज के विकास में बाधक बनेगा, बल्कि इससे देश के लोकतांत्रिक मूल्य भी कमजोर होंगे।

## उड़ान का सपना

कुछ अरसे से महंगे हवाई किराए को लेकर विभिन्न स्तरों पर चिंता जताई जा रही है। जब भी यह मुद्दा उठता है, सरकार अपनी 'उड़ान योजना' का नारा - 'हवाई चप्पल वालों को हवाई यात्रा' जोर-शोर से दोहराने लगती है। विपक्ष का जवाब होता है- 'हवाई चप्पल में हवाई जहाज, यह सब हवाबाजी' । दावों-प्रतिदावों के शोर में आम आदमी का हवाई जहाज में उड़ने का सपना टूट रहा है। दरअसल, विमानन कंपनियों को मांग आधारित किराया प्रणाली लागू करने की छूट है, जिससे उनको मनमानी करने में सुविधा हो रही है। सरकार कहती है कि टिकटों की कीमत की ऊपरी सीमा तय की जाएगी, लेकिन ऐसा होता नहीं है। हवाई सेवाओं में निजी कंपनियों को इसलिए प्रवेश दिया गया था कि उससे प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, कीमतें कम होंगी और लाभ उपभोक्ताओं को मिलेगा। कुछ अरसे तक ऐसा हुआ भी। लेकिन कोरोना काल के बाद राहत देने के मकसद से सरकार ने विमानन कंपनियों को टिकट की दरों में कुछ बढ़ोतरी की इजाजत दे दी। राहत के नाम पर यह बढ़ोतरी पैंतालीस फीसद तक की बढ़ोतरी हो गई है । विमान सेवा अब तेजी से बेहद महंगी और बहुत सारे लोगों की पहुंच से बाहर होती जा रही है। जाहिर है, विमानन कंपनियों के इस तरह मुनाफा कमाने पर कोई लगाम नहीं है। प्रमुख त्योहारों के समय, शादियों के मौसम में या छुट्टियों के दौरान कहीं जाने वालों से मुनाफाखोरी होने पर भी नागर विमानन मंत्रालय आंखें मूंदे रहता है। नतीजा यह कि यात्रियों के हितों को नजरअंदाज करते हुए ज्यादातर कंपनियां अंतिम समय में बेहिसाब किराया बढ़ा देती हैं। हैरत है कि सरकार न तो हस्तक्षेप करती है और न ही कोई दिशा-निर्देश जारी करती है। लोकसभा में एक चर्चा के तहत देश में हवाई यात्रा के किराए के विनियमन के लिए उचित उपाय के संदर्भ में इन्हीं मसलों पर सवाल उठ रहे हैं। हालत यह है कि मांग आधारित किराए की व्यवस्था में जब तीन-चार हजार का टिकट अठारह या बीस हजार का हो जाए, तो हवाई सफर सपना ही बनने लगता है। मांग बढ़ने पर या अंतिम समय में टिकट चाहने वालों से मनमाना किराया वसूलने के पीछे आखिर क्या आधार होते हैं ? आखिर सरकार विमान किराए में पारदर्शिता लाने, मनमानी और मुनाफाखोरी पर अंकुश लगाने में क्यों विफल हो रही है?

# जयपुर में प्रेग्नेंट पत्नी और बुआ की हथौड़ा मारकर हत्याःयुवक ने खुद भी फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली; हमले में बेटा बच गया



**24 न्यूज़ अपडेट**

जयपुर में युवक ने अपनी प्रेग्नेंट पत्नी, विधवा बुआ की हथौड़ा मारकर हत्या कर दी। आरोपी ने हत्या के बाद खुद फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने पर करधनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को मोर्चरी में रखवाया। घटना करधनी थाना इलाके के बेनाड़ स्टेशन के सामने की है।

करधनी थाना सीआई ने बताया- थाना इलाके के बैनाड़ स्टेशन के पास पंकज कुमावत(36) पत्नी सुनीता कुमावत विधवा बुआ मधु कुमावत और बेटे यांश के साथ रहता था। आरोपी ने आज दोपहर करीब 3 से 4 बजे के बीच में हथोड़े से पत्नी और बुआ की हत्या कर दी। हत्या करने के दौरान उसका बेटा यांश कुमावत जाग गया जिस पर भी आरोपी ने हमला किया लेकिन वह बच कर निकल गया।

पत्नी और बुआ की हत्या करने के बाद आरोपी ने कमरे में ही फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पड़ोसियों को बच्चे की चीख सुनी तो वह दौड़ कर घर पहुंचे जहां पर फर्श और बिस्तर खून से सने थे। दो की लाश नीचे पकड़ी थी और पंकज फंदे के झूल रहा था। कॉलोनी के लोगों ने पुलिस कंट्रोल को घटना की जानकारी दी।जिस पर करधनी थाना सीआई मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके पर एफएसएल कीटीम को बुलाया और जांच शुरू की। शवों को मार्चरी में रखवा दिया गया हैं। प्राथमिक जांच में आर्थिक तंगी और गृह क्लेश होना सामने आया हैं।

# बी एन फार्मेसी में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स पर सेमिनारः फार्मेसिस्ट की भूमिका पर जोर




**24 न्यूज़ अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स (आईपीआर) पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के प्रेसिडेंट डॉ. मोंटु एम. पटेल ने कहा कि फार्मेसिस्ट के ज्ञान, सेवा और निष्ठा के कारण ही भारत आज "फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड" बना है। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों की यूनिक आईडी नंबर प्रणाली की आवश्यकता बताई और फार्मेसी क्षेत्र में इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग और स्किल डेवलपमेंट पर जोर दिया। पेटेंट जागरूकता और शोध की आवश्यकता सेमिनार में बी एन विश्वविद्यालय के डीन डॉ. युवराज सिंह सारंगदेवोत ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण शोध और प्रयोगात्मक ज्ञान ही महत्वपूर्ण कारक होंगे। उन्होंने बौद्धिक संपदा, वैश्विक पेटेंट, क्लिनिकल रिसर्च और जियोग्राफिकल इंडिकेशंस पर भी प्रकाश डाला। राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज, जयपुर के डॉ. राजेश यादव ने कहा कि फार्मेसी छात्रों को ज्ञान, शिक्षा और कार्यक्षेत्र के महत्व को समझना होगा। स्टेट काउंसिल के सदस्य आलोक भार्गव ने फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया की योजनाओं, वैक्सीनेटर पोस्ट और एग्जिट एग्जाम की जानकारी दी।

### फार्मेसिस्ट की भूमिका में विस्तार

डॉ. पटेल ने बताया कि आने वाले समय में फार्मेसी पाठ्यक्रम को नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के तहत अधिक लचीला बनाया जाएगा ताकि समकालीन विषयों को पढ़ाया जा सके। उन्होंने फार्मेसिस्ट के लिमिटेड प्रिस्क्रिप्शन राइट्स, क्लिनिकल फार्मेसी, पेशेंट काउंसलिंग और हेल्थ ओरिएंटेशन को बढ़ावा देने की बात कही। इस अवसर पर आईपी अटॉर्नी डॉ. संजय कुमार पटेल, आईपीआर कंसल्टेंट डॉ. भरत पागी और ज़ाइडस लाइफ साइंसेज के डॉ. विश्वमोहन मोदी ने छात्रों को इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स के महत्व और चुनौतियों पर विस्तृत जानकारी दी। सेमिनार के दौरान पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता भी आयोजित हुई, जिसमें विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन कर्नल प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत, मैनेजिंग डायरेक्टर मोहब्बत सिंह राठौड़, सचिव डॉ. एम. एस. आगरिया और विभिन्न शिक्षाविद् उपस्थित रहे। सेमिनार संयोजिका डॉ. मीनाक्षी भरकतिया ने सभी अतिथियों और सहभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# चित्तौड़गढ़ में अफीम तोल 1 अप्रैल से शुरू होगा

## पहले दिन 43 गांवों के 714 किसान तुलवाएंगे अपनी उपज




**24 न्यूज़ अपडेट**

चित्तौड़गढ़ में 1 अप्रैल से अफीम का तोल शुरू होने जा रहा है। मंगलवार से शुरू होने वाले इस तोल प्रक्रिया में पहले दिन तीनों डिवीजन के 43 गांवों से 714 किसान अपनी अफीम नारकोटिक्स विभाग को देंगे। जबकि विभाग किसानों द्वारा दी गई अफीम का एनालिसिस कर उन्हें पेमेंट करेंगे। 1 अप्रैल से 29 अप्रैल तक तोल का काम चलेगा। इस दौरान कुल 762 गांवों से 20,545 किसान अपनी अफीम तुलवाने के लिए आएंगे। तोल को लेकर नारकोटिक्स विभाग की तैयारियां लगभग खत्म हो चुकी है। सभी 20-20 किलो के कंटेनर भी पहुंच चुके हैं।

### तीसरे डिवीजन का तोल निंबाहेड़ा में होगा

सहायक नारकोटिक्स आयुक्त, कोटा जे.एस राजपुरोहित ने बताया कि 1 अप्रैल से अफीम तोल का काम शुरू होगा। शुरू में 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक अफीम का तोल (डोडो को चीरा लगाकर निकाली गई अफीम) होगा। फिर 10 अप्रैल से 29 अप्रैल तक CPS पद्धति (डंडे सहित डोडो को कंप्रेस करके) से होगा। फर्स्ट और सेकंड डिवीजन के अंतर्गत आने वाले गांवों के किसानों का अफीम तोल जिला अफीम कार्यालय में होगा। जबकि तीसरे डिवीजन का अफीम तोल निंबाहेड़ा के तनिष्क रिसॉर्ट में होगा।


# ईसर-पार्वती की हुई पूजा, निकाली सवारी, हुआ गीतों व नृत्यों का आयोजन



**24 न्यूज़ अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, निम्बाहेड़ा। निम्बाहेड़ा में सोमवार को परम्परागत गणगौर पूजा स्थल माहेश्वरी मोहल्ला से गणगौर उत्सव समिति के तत्वावधान में ईसर-पार्वती की प्रतिमाओं को श्रृंगारित कर गणगौर की सवारी निकाली गई। इससे पूर्व गणगौर पूजन स्थल माहेश्वरी मोहल्ला में प्रातः से ही ईसर-पार्वती की पूजा करने सुहागिनों एवं कुमारियों का तांता लगा रहा। पूजन में कुमकुम, काजल, हल्दी, मेंहदी की बिन्दियां लगाई गई। पूजन के समय महिलाओं ने गणगौर के गौर-गौर गणपति, ईसर पूजे पार्वती जैसे लोक गीत गाये। हाथीवाला मंदिर गणगौर उत्सव समिति की संयोजिका गीता देवी शारदा के संयोजन में सायंकाल 5 बजे माहेश्वरी मोहल्ला से गणगौर की सवारी , बैंड बाजों के साथ निकाली गई। सवारी नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई, माल गोदाम रोड स्थित सार्वजनिक उद्यान में पंहुची। गणगौर की सवारी में गायत्री शारदा, कुसुम धूत, बसंती शारदा, शारदा जाजू, गीता शारदा, जानकी तोषनीवाल, शिखा शारदा, कृष्णा भराड़िया, सोनिका काबरा, ममता शारदा, शकुंतला आगर, यशोदा शारदा, राधा जाजू, सीमा शारदा, दीपिका शारदा, रेणु जाजू, प्रीती शारदा, पूजा भराडिया, आरती शारदा, नीतू शारदा, द्रोपदी साबू, नीना बाहेती, रानी शारदा, तनीषा शारदा, ज्योति शारदा, किरण शर्मा, सुनीता शारदा, गीता समदानी, निशा मंत्री, साधना गुप्ता, दीपा शारदा, अंजू मनिहार, एकता सोनी, कमलेश शारदा, रेखा ढेलावत, पीनल सोनी, संध्या गुप्ता, अंजली बजाज, सोनाली शारदा, सोनिया धूत, आशा राठौड़, चंदा जैन, श्वेता धूत, मंजू शारदा, अंजली शारदा, नेहा शारदा, भूमिका शारदा, सुनीता शारदा, संगीता लुहाड़िया, रुक्मणि समदानी, आदि ने भाग लिया। यहां नगर के माहेश्वरी मोहल्ला, इंदिरा कॉलोनी, नया बाजार, आदर्श कॉलोनी आदि से बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। उद्यान में महिलाओं ने परम्परागत लोक गीत गाये, नृत्य किये एवं खेल भी खेले।

# 6 साल पुराने मामले में 5 साल की कैद घर में घुसकर किया था जानलेवा हमला, दोषी पर 49 हजार का जुर्माना भी लगाया



**24 न्यूज़ अपडेट**

चित्तौड़गढ़ में 6 साल पहले घर में घुसकर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को 5 साल की सजा सुनाई गई। साथ ही 49 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। यह सजा अपर सेशन न्यायाधीश-2 के पीठासीन अधिकारी विनोद कुमार बैरवा ने सुनाई है। आरोपी ने पीड़ित पर लोहे के सरिए और तलवार से हमला किया था।

### सदर थाने में किया था मामला दर्ज

अपर लोक अभियोजक संख्या-02 ममता जीनगर ने बताया कि मामला 4 फरवरी 2019 का है। पीड़ित गौरव अपने घर पर था। इस दौरान अजय, पंकज जीतू, शिवम वासू, रितेश और अन्य 25-30 लोग हाथों में तलवारें, लोह के सरिए लेकर उसके मकान में अंदर घुसे। उसकी पत्नी, बेटी के साथ धक्का-मुक्की और गाली-गलौज की। तलवार लगाकर जान से मारने की धमकी दी जिसमें बीच-बचाव में परिवादी का बेटा आया। आरोपी शिवम और अज्जु ने जान से मारने की नियत से उस पर तलवार से हमला किया। जिसके कारण उसके हथेली पर लगी। यह मामला सदर चित्तौड़गढ़ में दर्ज करवाया गया। पुलिस ने आरोपी जीनू उर्फ रितेश को गिरफ्तार कर जांच शुरू की। आरोपी के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया गया।

### 14 गवाह और 20 डॉक्यूमेंट्स पेश किए

कोर्ट में बहसबाजी के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 14 गवाह और 20 डॉक्यूमेंट्स पेश किया गए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद पीठासीन अधिकारी विनोद कुमार बैरवा ने जीनू उर्फ रितेश को दोषी माना। उन्होंने अलग-अलग धाराओं में आरोपी को सजा दी है। आरोपी को 5 साल का कारावास सुनाया गया तथा 49 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया।

# गणगौर की पूजा करने के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिजा व्यास झुलसी, अहमदाबाद रेफर



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर : राजस्थान के उदयपुर से सोमवार को एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिजा व्यास अपने उदयपुर स्थित आवास पर पूजा के दौरान आग में झुलस गईं. घटना के तुरंत बाद उन्हें आनन-फानन में निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अहमदाबाद रेफर कर दिया गया है. कांग्रेस नेता गिरिजा व्यास के भाई गोपाल कृष्ण शर्मा ने बताया कि वह हर रोज की तरह आज भी मंदिर में पूजा कर रही थीं.

दीपक से लगी कपड़े में आग : पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता गिरिजा व्यास हर रोज की तरह अपने आवास पर पूजा कर रही थीं. इस दौरान दीपक से आग उनके कपड़े में लग गई. गिरिजा व्यास की आवाज सुनकर उनका स्टाफ दौड़ा और आग बुझाने का प्रयास किया. गिरिजा व्यास के भाई ने बताया कि पूजा करने के दौरान दीदी आग से झुलस गईं. उन्होंने बताया कि इस दौरान उनके गले में चुन्नी थी, जिसमें दीपक से आग लग गई. इस दौरान वहीं स्टाफ बंसी ही मौजूद था. उनके भाई बाहर गए हुए थे.

उनके भाई ने बताया कि आज गणगौर का पर्व था, इसलिए पूजा-आराधना में जुटी हुई थी. वह हर रोज की तरह आज भी पूजा कर रही थीं. गिरिजा व्यास के भाई ने बताया कि फिलहाल उनकी स्थिति ठीक है. वहीं, घर पर मौजूद स्टाफ बंसी ने बताया कि वह भगवान सूर्य देव को जल चढ़ाने के लिए घर से बाहर गया हुआ था. जब वह वापस आकर देखा तो गिरिजा व्यास के कपड़ों पर आग लग चुकी थी. स्टाफ ने पानी और टॉवल से आग बुझाने का प्रयास किया.

# चोरी, नकबजनी का वांछित आरोपी धारदार छुरी के साथ गिरफ्तार



**24 न्यूज़ अपडेट**

निम्बाहेडा। कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने चोरी, नकबजनी के मामले में वांछित आरोपी राकेश बंजारा को धारदार छुर्री के साथ आर्म्स एक्ट मे गिरफतार किया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि जिला पुलिस को लोकल एवं स्पेशल एक्ट की कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये गये। जिस पर एएसपी सरिता सिंह व डीएसपी निम्बाहेड़ा बद्री लाल राव के सुपरविजन में थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेडा रामसुमेर पु.नि. के निर्देश पर एएसआई सूरज कुमार, हैड कानि. हरविन्द्र सिंह, कानि. विजय सिंह, हेमन्त, देवेन्द्र द्वारा थाना क्षेत्र में गश्त की जा रही थी। इसी दौरान एएसआई सूरज कुमार को सूचना मिली कि एक व्यक्ति हाथ मे लोहे की धारदार छुर्री लेकर बोराखेडी से निम्बाहेडा की तरफ आ रहा है। जिस पर निम्बाहेड़ा के वसुंधरा विहार कॉलोनी पहुच उक्त व्यक्ति को पकड़ उसकी तलाशी ली तो उसके पेन्ट की अंट से लोहे की धारदार छुर्री मिली जिसे जब्त कर आरोपी राजोरा गली निम्बाहेडा निवासी 27 वर्षीय राकेश बजांरा पुत्र प्रभुलाल बंजारा को आर्म्स एक्ट मे गिरफतार किया जाकर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया गया। जिसे अनुसंधान के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया जाकर न्यायिक अभिरक्षा मे भिजवाया गया। गिरफतार शुदा आरोपी राकेश बंजारा के खिलाफ पहले भी लगभग 8 मुकदमे लडाई झगडा, जुआ सट्टा, चोरी, नकबजनी, आर्म्स एक्ट के दर्ज है ।

# राजस्थान निवेश उत्सवः 350 बिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य



24 न्यूज़ अपडेट

जयपुर, 31 मार्च – मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान को देश का सर्वश्रेष्ठ निवेश स्थल बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। निवेश उत्सव में उन्होंने 3 लाख करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग कर राज्य की आर्थिक वृद्धि को नई गति देने की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने निवेशकों से आह्वान किया कि वे अपने निवेश, युवा अपनी प्रतिभा और किसान अपनी मेहनत से राजस्थान को विश्वभर में प्रतिष्ठा दिलाने में योगदान दें।

## निवेश को धरातल पर लाने की प्रभावी रणनीति

मुख्यमंत्री ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान हुए एमओयू को वास्तविकता में बदलने के लिए सरकार ने त्रिस्तरीय निगरानी तंत्र स्थापित किया है। प्रत्येक विभाग और जिले में समर्पित टीम बनाई गई है, जो इन समझौतों की सक्रिय रूप से निगरानी कर रही है ताकि निवेश समयबद्ध रूप से कार्यान्वित हो सके। इसी का परिणाम है कि 3 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं की ग्राउंड ब्रेकिंग की गई है।

## डायरेक्ट एलॉटमेंट पॉलिसी और निवेशकों के लिए नई पहल

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने रीको औद्योगिक क्षेत्रों के लिए डायरेक्ट लैंड एलॉटमेंट पॉलिसी लागू की है। यह उन सभी निवेशकों के लिए लागू होगी जिन्होंने 15 मार्च तक एमओयू निष्पादित किए थे। इस नीति का विस्तार करते हुए मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि 16 मार्च से 30 अप्रैल तक निष्पादित होने वाले सभी नए एमओयू पर भी यह नीति लागू होगी। निवेशकों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से इसका लाभ मिलेगा, जिसे 15 मई से दोबारा खोला जाएगा।

## औद्योगिक विस्तार और रोजगार सृजन

राजस्थान सरकार ने अगले 5 वर्षों में सरकारी क्षेत्र में 4 लाख और निजी क्षेत्र में 6 लाख रोजगार के अवसर सृजित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उद्योगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए डेढ़ लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा, 18 नए औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना की जाएगी, जो विभिन्न क्षेत्रों की आवश्यकताओं के अनुसार डिजाइन किए जाएंगे।

राजस्थान के मजबूत औद्योगिक आधार को ध्यान में रखते हुए सरकार नई औद्योगिक नीतियों के माध्यम से राज्य को विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) का पावरहाउस बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

## नई औद्योगिक नीतियों का विमोचन

मुख्यमंत्री ने 'राजस्थान लॉजिस्टिक नीति-2025', 'राजस्थान डाटा सेंटर नीति-2025' और 'राजस्थान वस्त्र एवं परिधान नीति-2025' का शुभारंभ किया। इन नीतियों का उद्देश्य राज्य में उद्योगों के लिए एक अनुकूल वातावरण तैयार करना और राजस्थान को निवेश का प्रमुख केंद्र बनाना है।

इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने 'ऑनलाइन इन्वेस्टर इंटरफेस' मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया। इस ऐप के माध्यम से निवेशक अपनी परियोजनाओं की प्रगति को ट्रैक कर सकेंगे, अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त कर सकेंगे और संबंधित अधिकारियों से सीधे संपर्क कर सकेंगे।

## वैश्विक निवेश को बढ़ावा

राजस्थान सरकार ने 'राइजिंग राजस्थान पार्टनरशिप कॉन्क्लेव 2025' के आयोजन की घोषणा की, जो इस वर्ष 11 और 12 दिसंबर को होगा। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को एक मंच प्रदान करना है, जहां वे राजस्थान में निवेश की संभावनाओं का पता लगा सकें।

राजस्थान फाउंडेशन के तहत गुवाहाटी, भुवनेश्वर, रांची, पुणे, दिल्ली, दुबई, म्यूनिख, रियाद, टोक्यो, सिंगापुर, मेलबर्न, नैरोबी, कम्पाला और दोहा में 14 नए चैप्टर्स शुरू किए जाएंगे। इससे प्रवासी राजस्थानियों और वैश्विक निवेशकों को राज्य से जोड़ने में मदद मिलेगी।

## विकसित भारत 2047 के तहत विकसित राजस्थान का संकल्प

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' विजन के अनुरूप राजस्थान को भी 'विकसित राजस्थान 2047' बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत 2030 तक राज्य की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने की योजना बनाई गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सिर्फ आंकड़ों की बात नहीं है, बल्कि यह युवाओं के लिए नए रोजगार, किसानों के लिए समृद्धि और उद्यमियों के लिए नए अवसरों का द्वार खोलने का संकल्प है। सरकार इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

# यात्रीगण कृपया खबर पर ध्यान दें कटरा से श्रीनगर की यात्रा अब मात्र 3 घंटे में, वंदे भारत से यात्रा होगी आसान



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, श्रीनगर। जम्मू और कश्मीर के यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी! अब कटरा से श्रीनगर की यात्रा मात्र 3 घंटे में पूरी होगी। वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन से इस मार्ग पर यात्रा अधिक सुगम और सुविधाजनक बन जाएगी।

## USBRL परियोजना से वर्षों का इंतजार समाप्त

कई वर्षों से लंबित उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (USBRL) परियोजना अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। जम्मू और कश्मीर के पहाड़ी क्षेत्रों में बेहतर रेल कनेक्टिविटी देने के लिए यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

अभी तक श्रीनगर से संगलदान तक रेल सेवा उपलब्ध थी, लेकिन संगलदान से कटरा तक रेललाइन शुरू होने के बाद इस मार्ग पर वंदे भारत एक्सप्रेस को चलाने की योजना बनाई गई है। वर्तमान में सड़क मार्ग से कटरा से श्रीनगर तक की यात्रा में 6 से 7 घंटे लगते हैं, लेकिन अब यह यात्रा केवल 3 घंटे में पूरी हो सकेगी।

**USBRL परियोजना का विस्तार**: इस परियोजना के अंतर्गत निम्नलिखित रेलखंड पहले ही शुरू किए जा चुके हैं:

2009: काजीगुंड-बारामूला सेक्शन

2013: 18 किलोमीटर लंबा बनिहाल-काजीगुंड सेक्शन

2014: 25 किलोमीटर लंबा ऊधमपुर-कटरा सेक्शन

2023: बनिहाल से संगलदान सेक्शन


अब संगलदान से कटरा के बीच की रेललाइन चालू होने जा रही है, जिसके बाद वंदे भारत को इस रूट पर संचालित किया जाएगा।

चिनाब ब्रिज – इंजीनियरिंग का अद्भुत नमूना

इस परियोजना के तहत चिनाब नदी पर बना दुनिया का सबसे ऊँचा रेल आर्च ब्रिज एक प्रमुख आकर्षण है। यह पुल भारतीय रेलवे की अद्वितीय इंजीनियरिंग क्षमताओं को दर्शाता है और इसे देखने का अनुभव पर्यटकों के लिए भी रोमांचक होगा।

रेल यात्रा होगी अधिक सुविधाजनक और आनंददायक टनल, पुल और घाटी के अद्भुत नज़ारों के बीच यात्रा अब पहले से अधिक सुरक्षित और तेज़ होगी। वंदे भारत एक्सप्रेस के चलने से यात्रियों को बेहतर कंफर्ट और तेज़ गति की सुविधा मिलेगी, जिससे यात्रा का अनुभव और भी आनंदमय होगा। रेलमार्ग के इस विस्तार से जम्मू-कश्मीर में पर्यटन और व्यापार को भी नई गति मिलेगी, जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बड़ा बढ़ावा मिलेगा।

# एक अप्रेल से हाईवे पर चलना होगा महंगा, 100 से ज्यादा टोल प्लाजा पर दरों में इजाफा




24 न्यूज़ अपडेट

जयपुरः राष्ट्रीय राजमार्ग पर 31 मार्च की रात 12 बजे से नेशनल हाईवे पर गाड़ियों को ज्यादा टोल देना होगा. राजस्थान में करीब 11 हजार किलोमीटर क्षेत्र में नेशनल हाईवे है. इन हाईवे पर 100 से ज्यादा टोल प्लाजा हैं, जहां टोल शुल्क बढ़ाया गया है. बढ़ी दरें आधा से दस फीसदी तक है.

राजधानी जयपुर में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अजय आर्य के मुताबिक दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे पर भी टोल दरें एक अप्रैल से बढ़ेगी. दौसा के आगे भांडारेज से सोहना तक वर्तमान में कार चालक को 430 रुपए टोल देना पड़ रहा था, जो सोमवार रात 12 बजे से 445 रुपए देने होंगे. यहां वाहनों की अलग-अलग श्रेणी के तहत टोल दरों में 15 रुपए से 100 रुपए तक की बढ़ोतरी की गई है.

**पुराने दिल्ली हाईवे पर भी बढ़ा टैक्सः** जयपुर से गुड़गांव के बीच छह लेन एनएच 48 (पुराना दिल्ली रोड) से गुजरने वाले वाहनों को भी ज्यादा टोल देना पड़ेगा. इस नेशनल हाईवे पर कई निर्माण चल रहे हैं. आए दिन जगह जगह जाम लगता है, लेकिन एनएचएआई ने टोल की दरें बढ़ाने का फैसला किया है. जयपुर से दिल्ली के बीच इस पुराने हाईवे से गुजरने पर कार चालकों को अब 15 रुपए ज्यादा देने होंगे. बड़े वाहनों को 80 रुपए तक ज्यादा चुकाने होंगे.

**जयपुर से अजमेर का भी सफर महंगाः** जयपुर से राष्ट्रीय राजमार्ग से होते हुए अजमेर जाने वाले वाहनों को 1 अप्रैल से लागू नई दरों के अनुसार टोल चुकाना होगा. इस बढ़ोतरी के बाद जयपुर से किशनगढ़ तक कार से सफर करने वालों को पहले जहां 140 रुपए चुकाने पड़ते थे. अब उन्हें 155 रुपए देना होगा. इसी तरह हल्के कॉमर्शियल वाहन और मिनी बसों का टोल 225 से बढ़कर 240 रुपए हो गया. नई दरों के मुताबिक ठिकरिया टोल प्लाजा पर कार के लिए 85 की जगह 95 रुपए चुकाने होंगे. बड़गांव-किशनगढ़ टोल पर कार के लिए 55 से 60 रुपए तय किए गए हैं.

**जयपुर से कोटा का सफर भी महंगाः** जयपुर-कोटा हाईवे पर यात्रा करने वालों के लिए टोल टैक्स अब महंगा हो जाएगा. एनएचएआई ने टोल टैक्स की दरों में 5 से 25 रुपए तक की बढ़ोतरी की, जो 31 मार्च की रात 12 बजे से प्रभावी होगी. नई दरों के अनुसार जयपुर से देवली तक कार चालकों को अब 120 रुपए के बजाय 125 रुपए टोल टैक्स देना होगा. मंथली पास में 10 रुपए की बढ़ोतरी की गई है. टोल के 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले स्थानीय लोगों के लिए मंथली पास की सेवा उपलब्ध है. पहले पास के लिए 340 रुपए देने पड़ते थे, लेकिन 1 अप्रेल से 350 रुपए देने होंगे.

# अब ईनामी योजना का आसरा : जेल में अवैध गतिविधियों की सूचना देने वाले प्रहरियों को मिलेगा इनाम और पदोन्नति



24 न्यूज़ अपडेट

जयपुर। राजस्थान की जेलों से सीएम और डिप्टी सीएम को कई बार धमकियां मिलने से देशभर में जबर्दस्त किरकिरी हुई है। विपक्ष इस मुद्दे पर आक्रामक है। ऐसे में अब सूचना देने पर इनाम जैसी योजनाएं लाई जा रही हैं जिससे साफ हो रहा है कि हमारा सुरक्षा तंत्र कितना मजबूत है। जेलों में आमूलचूल बदलाव कर अपराधियों में भय की बजाय इस प्रकार की योजना का आना कई बड़े सवाल पैदा करता है। पिछले दिनों ही सबसे बडे अधिकारियों ने भी खुद स्वीकार किया कि जेलों में मिलीभगत के खेल चल रहे हैं। देखना होगा कि नए फैसले से क्या नए परिणाम हासिल हो पाते हैं। राजस्थान के महानिदेशालय कारागार विभाग ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है, जिसमें जेलों में हो रही अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए प्रहरियों और मुख्य प्रहरियों को प्रोत्साहित करने की पहल की गई है। आदेश के अनुसार, कई बार जेल प्रहरी और अधिकारी अवैध सामग्रियों और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी होने के बावजूद, किसी न किसी कारण से उन पर उचित कार्रवाई नहीं कर पाते। इससे जेलों में अनुशासनहीनता और गैरकानूनी गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है।

सूचना देने पर इनाम और पदोन्नति का मिलेगा अवसर महानिदेशक कारागार गोविंद गुप्ता द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जो प्रहरी या मुख्य प्रहरी किसी भी प्रकार की गोपनीय और प्रमाणित सूचना विभाग को उपलब्ध कराएगा, उसे उचित इनाम दिया जाएगा। इसके अलावा, अतिमहत्वपूर्ण सूचनाओं के लिए विशेष पदोन्नति के प्रस्तावों पर भी विचार किया जाएगा।

गोपनीयता और सुरक्षा को दिया जाएगा महत्व आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि सूचना देने वाले प्रहरियों की गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी, जिससे वे बिना किसी भय के अवैध गतिविधियों की जानकारी विभाग को दे सकें।

कारागारों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की पहल इस निर्णय को राजस्थान की जेलों में सुरक्षा को और सख्त बनाने के एक बड़े कदम के रूप में देखा जा रहा है। प्रशासन का मानना है कि यदि निचले स्तर के कर्मचारी भी सक्रिय रूप से सहयोग करें तो जेलों में हो रही गैरकानूनी गतिविधियों पर पूरी तरह से लगाम लगाई जा सकती है।

## कैसे दे सकते हैं सूचना?

सूचना देने के लिए प्रहरी/मुख्य प्रहरी व्यक्तिगत रूप से महानिदेशक कारागार कार्यालय में उपस्थित होकर या किसी अन्य माध्यम से जानकारी साझा कर सकते हैं।

# अजमेर दरगाह में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद, चिश्ती बोले- वक्फ बिल में संशोधन जरूरी



24 न्यूज़ अपडेट

अजमेर : धार्मिक पर्यटन नगरी अजमेर में भी ईद उल फितर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में ईद के मुबारक मौके पर वर्ष में चार मर्तबा खुलने वाले जन्नती दरवाजे को आम जायरीन के लिए खोल दिया गया. जायरीन में जन्नती दरवाजे से होकर ख्वाजा गरीब नवाज की जियारत करने की होड़ मची रही.

दरगाह में मौजूद शाहजनी मस्जिद और शहर की तमाम मज्जिदों में ईद के पर्व पर विशेष नमाज अदा की गई. मुख्य नमाज केसरगंज स्थित ईदगाह में हुई. नमाज के बाद देश में खुशहाली, अमन-चैन और भाईचारे की दुआ मांगी गई. नमाज के बाद गंगा जमुनी तहजीब का माहौल भी नजर आया. नमाज के बाद लोगों को ईद की मुबारकबाद देने के लिए कई सामाजिक संगठन भी ईदगाह पहुंचे.

अजमेर में सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में ईद उल फितर के मौके पर बड़ी संख्या में जायरीन जियारत के लिए पंहुचे. यहां शाहजहानी मस्जिद में अकीदतमंदों ने ईद की विशेष नमाज अदा की. हजारों लोग नमाज में शामिल हुए. सभी ने खुदा के आगे सिर झुकाया. नमाज के बाद दुआएं की गई. परिवार की खुशहाली और सभी के सेहतमंदी के लिए दुआ की गई. वहीं, खुदा का शुक्रिया भी अदा किया गया. 30 दिन रमजान में रोजे रखने और अल्लाह के बताए फर्ज को पूरा करने पर अकीदतमंदों के चेहरे पर खुशी थी. सभी ने खुदा से रोजे कबुल करने की भी दुआ मांगी. इसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से देश में खुशहाली, अमन-चैन और भाइचारे की दुआ की. नमाज के बाद सभी ने जन्नती दरवाजे से होकर ख्वाजा गरीब नवाज की मजार की जियारत की.

ईदगाह में हुई मुख्य नमाज : यूं तो शहर की हर छोटी-बड़ी मस्जिदों में भी नमाज हुई, लेकिन मुख्य नमाज केसरगंज स्थित ईदगाह में हुई. हजारों की संख्या में नमाज पढ़ने के लिए लोग समय से पहले ही ईदगाह पहुंच गए. सफ में बैठकर अकीदतमंदों ने एक साथ खुदा के आगे सिर झुकाया. नमाजियों में हर उम्र के लोग शामिल रहे. नमाज के लिए आए लोगों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी. ईदगाह में शहर काजी मौलाना तौफीक अहमद सिद्दीकी ने हजारों लोगों को नमाज अदा करवाई. नमाज के बाद सलाम पढ़ा गया. इसके बाद सभी ने मिलकर दोनों हाथ उठाकर मुल्क की तरक्की, अमन चैन और खुशहाली की दुआ की. नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे के गले लगकर ईद की मुबारकबाद पेश की.

# राजस्थान के नागरिक अब पूरे देश में करा सकेंगे मुफ्त इलाज, 25 लाख तक का कवरेज



24 न्यूज़ अपडेट

जयपुर– राजस्थान के नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव आने वाला है। अब प्रदेश के मरीज देश के किसी भी सरकारी और कुछ निजी अस्पतालों में बिना किसी अतिरिक्त पंजीकरण के मुफ्त इलाज करा सकेंगे। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत पंजीकृत लोगों को इस सुविधा का लाभ मिलेगा। इसके लिए राज्य सरकार जल्द ही इंटर स्टेट पोर्टेबिलिटी लागू करने जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि इस योजना के लागू होने के बाद राजस्थान के निवासी जन आधार कार्ड दिखाकर देश के किसी भी अधिकृत अस्पताल में मुफ्त इलाज प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए मरीजों को अलग से कोई पंजीकरण नहीं कराना होगा। अस्पतालों का सॉफ्टवेयर राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी से डेटा वेरिफाई करेगा, और अप्रूवल मिलते ही इलाज शुरू हो जाएगा।

राजस्थान सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, नई दिल्ली के साथ मिलकर तकनीकी प्रावधान कर रही है, जिससे जन आधार कार्ड और योजना में पंजीकृत लोगों का डेटा अन्य राज्यों और केंद्र सरकार की योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इससे राज्य से बाहर रहने वाले लाखों राजस्थानियों को फायदा होगा, साथ ही अन्य राज्यों के मरीज भी राजस्थान में इस योजना के तहत इलाज करा सकेंगे। राजस्थान के नागरिकों को अधिकृत सरकारी और निजी अस्पतालों में यह सुविधा मिलेगी, बशर्ते वे राज्य या केंद्र सरकार की योजना से अधिकृत हों। इसी तरह, अन्य राज्यों के मरीजों को राजस्थान में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PM-JAY) कार्ड के माध्यम से इलाज की सुविधा दी जाएगी।

अगर राजस्थान का कोई नागरिक दूसरे राज्य में रहते हुए बीमार पड़ता है और वहीं इलाज कराना चाहता है, तो उसे अस्पताल में जन आधार कार्ड दिखाना होगा। अस्पताल के सॉफ्टवेयर से कार्ड का डेटा वेरिफाई होते ही राजस्थान सरकार से अप्रूवल मिल जाएगा और इलाज शुरू हो जाएगा। इमरजेंसी में भी जन आधार कार्ड या योजना के अन्य दस्तावेजों के आधार पर तत्काल चिकित्सा सुविधा दी जाएगी।

# प्रतापगढ़ में साइबर थाना पुलिस की कार्रवाई : 14.07 लाख रुपए की साइबर ठगी में तीन आरोपी गिरफ्तार



**24 न्यूज़ अपडेट**

जयपुर 31 मार्च। प्रतापगढ़ जिले की साइबर थाना पुलिस ने महिला को ऑनलाइन होटल व रिसॉर्ट को रेटिंग देने का टास्क दे झांसे में लेकर 14.07 लाख रुपये की साईबर ठगी के तीन आरोपियों कौशल कुमार प्रजापत पुत्र सुखलाल (25) निवासी कनबा थाना बिछीवाड़ा, कमलेश कुमार घाटिया पुत्र रामा मीणा निवासी टेगरवाडा थाना बिछीवाड़ा एवं राहुल गमेती पुत्र कांतिलाल निवासी कुशालमगरी थाना कोतवाली जिला डूंगरपुर को गिरफ्तार किया है।

एसपी विनोद कुमार बंसल ने बताया कि एक महिला द्वारा साइबर थाना पर रिपोर्ट उसके व्हाट्सएप नंबर पर एक मैसेज आया जिसमें पार्ट टाइम और फुल टाइम नौकरी का ऑफर दिया गया। पार्ट टाइम काम में आरोपियों ने ऑनलाइन होटल व रिसोर्ट को रेटिंग देने का टास्क देकर शुरुआत में एक हजार फिर 5 हजार रुपये खाते में जमा कराये। जिनकी एवज में टास्क पूरा करने पर 1300 और 7800 रिटर्न खाते में मिले। उसके बाद आरोपियों ने मिसगाइडेंस कर 14 लाख 7960 रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करवा साईबर ठगी की।

साइबर टीम द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए महिला के खाते से ट्रांसफर की गई रकम की साइबर पुलिस पोर्टल 1930 पर शिकायत दर्ज करवा लाभांवित खाते फ्रीज करवाए गए। जिसमें ठगी की रकम में से 949889 रुपए वापस महिला को रिफंड करवाए गए।

साइबर ठगी के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी बंसल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक परबत सिंह व सीओ गजेंद्र सिंह राव के सुपरविजन एवं एसएचओ साइबर थाना हरि सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा लाभान्वित बैंक खातों के स्टेटमेंट व तकनीकी साक्ष्य के आधार पर रविवार को डूंगरपुर निवासी आरोपी कौशल कुमार प्रजापत, कमलेश घाटिया एवं राहुल गमेती को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मामले में इस गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

इस कार्रवाई में साइबर थाना से एसएचओ हरि सिंह, एएसआई कमलेश कुमार, कांस्टेबल दशरथ कुमार, विनोद, रमेश चंद्र, महिला कांस्टेबल मिराज कुंवर, कांस्टेबल ड्राइवर लक्ष्मण सिंह, साइबर सेल से एएसआई प्रताप सिंह, कांस्टेबल रमेश चंद्र, महावीर, महिला कांस्टेबल ऋतुराज एवं पुलिस लाइन से हेड कांस्टेबल हरिओम शामिल थे।

# उदयपुर में दुआ में उठे हाथ, गले मिलकर दी मुबारकवाद:मनाया जा रहा है ईद का त्योहार, बड़ी संख्या में लोगों ने पलटन मस्जिद में नमाज पढ़ी



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर में सोमवार को ईद-उल-फितर की नमाज अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। अल्लाह की बारगाह में लोगों ने सजदा किया। चेतक सर्कल स्थित पलटन मस्जिद में सुबह 9 बजे नमाज अदा हुई। जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के बच्चों से लेकर बुजुर्ग शामिल हुए। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले लगकर मुबारकवाद दी। साथ ही मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली की दुआएं की। पलटन मस्जिद के अलावा अन्य मस्जिदों और ईदगाहों में नमाजियों का तांता लगा रहा। आयड़ स्थित मस्जिद के बाहर बच्चों के लिए झूले लगाए गए।

## एसपी बोले-सुरक्षा और यातायात की माकूल व्यवस्था

उदयपुर एसपी योगेश गोयल ने बताया कि आज गणगौर और ईद दोनों त्योहार है। शुभकामनाएं देता हूं कि सभी खुश रहें और अपने त्योहार को खुशी से मनाएं। हमारा समाज और बच्चें निरंतर उउन्नति करें। एसपी ने बताया कि त्योहार के मद्देनजर जिले में सुरक्षा व्यवस्था और यातायात की माकूल व्यवस्था की गई। जो सेंसेटिव प्वाइंट हैं वहां अतिरिक्त जाब्ता लगाया गया है। कई जगह ट्रेफिक को डायवर्ट किया गया है। वहीं, कई जगह सीसीटीवी कैमरे और सिविल जवान के द्वारा निगरानी की जा रही है।

# सोशल मीडिया से ऑनलाइन ग्राहक जोड़कर आईपीएल मैच का सट्टा चला रहे चार गिरफ्तार, लैपटॉप-मोबाइल जब्त



**24 न्यूज़ अपडेट**

जयपुरः राजधानी जयपुर की करणी विहार थाना पुलिस ने आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच चल रहे सट्टे के नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए चार खाईवालों को गिरफ्तार किया है. उनके कब्जे से तीन लैपटॉप, आठ एंड्रॉयड मोबाइल, एक इंटरनेट वाईफाई, फाइबर नेट डिवाइस, नोटबुक और एक एलईडी टीवी जब्त की है. पुलिस ने उनके ठिकाने पर दबिश दी तो वे सोशल मीडिया ऐप के माध्यम से ग्राहकों को ऑनलाइन जोड़कर सट्टे के भाव के आधार पर दांव लगवा रहे थे.

जयपुर (पश्चिम) डीसीपी अमित कुमार ने बताया कि आईपीएल टी-20 में सट्टे की खाईवाली की जानकारी मिलने पर जगदम्बा नगर स्थित गणेशम हाइट्स के एक फ्लैट में दबिश दी गई. यहां से प्रताप नगर निवासी हरीश हेमनानी, भीलवाड़ा के रोपा निवासी अनिल चौधरी व संजय चौधरी, जयपुर के वैशाली नगर निवासी अजय कुमार मूलचंदानी को हिरासत में लिया गया. सट्टे के उपकरण किए जब्तः मौके से सट्टा लगवाने के काम में लिए जा रहे तीन लैपटॉप, आठ मोबाइल, एक वाईफाई डोंगल, फाइबर नेट डिवाइस, नोटबुक और एक एलईडी टीवी जब्त किया. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सट्टे की खाईवाली का मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है. उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा. उन्होंने बताया कि जुए सट्टे के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी.

**लैपटॉप-रजिस्टर में रखते थे हिसाबः** उन्होंने बताया कि आईपीएल टी-20 मैच के दौरान आरोपी ऑनलाइन सट्टा चलाते थे. वे अपने ग्राहकों को सोशल मीडिया ऐप से ऑनलाइन जोड़ते और क्रिकेट मैच पर चल रहे ऑनलाइन सट्टे के भाव मुहैया करवाते. ग्राहक अपनी-अपनी टीमों पर अंको में भाव लगाते और हार-जीत होने पर आरोपी नकद लेनदेन करते थे. आरोपी लैपटॉप और रजिस्टर में सट्टे का हिसाब-किताब रखते थे.

# पैंथर ने 2 लोगों पर किया हमला, 9 घंटे बाद आया पकड़ में



**24 न्यूज़ अपडेट**

डूंगरपुरः जिले की धम्बोला पंचायत के घाटी मोहल्ले में पैंथर ने नौ धंटे तक दहशत मचाए रखी. इस दौरान उसने दो लोगों पर हमला कर दिया. घाटी मोहल्ले में लोगों पर हमला करने के बाद पैंथर पास के एक मोहल्ले में पशुघर में घुस गया. सूचना मिलने पर वनविभाग की टीम पहुंची और उसे पशुघर में बंद कर दिया था. बाद में उदयपुर से आई वन विभाग की टीम ने पैंथर को ट्रेंकुलाइज करके पकड़ लिया. पैंथर के पकड़े जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली.

जिले के धम्बोला पंचायत के घाटी मोहल्ला निवासी हरीश डामोर अपने बाड़े में गया था. इस दौरान उसे वहां भूसा घर में पैथर बैठा था. पैंथर ने उस पर हमला करने की कोशिश की, तो हरीश ने भूसे का गट्ठर उस पर फेंककर अपने आप को बचा लिया. उसने गांव में पैंथर के आने की सूचना दी.

इस पर वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई. इस दौरान पैंथर ने सुरेश व बंशी नामक ग्रामीण पर हमला कर दिया. झाड़ियों में जाकर छिप गया. इधर सूचना पर वन विभाग और पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची. इधर, भीड़ के चिल्लाने पर पैंथर झाड़ियों से निकलकर एक पशुघर में घुस गया. इसके बाद लोगों ने पशुघर को बंद कर दिया. इधर, उदयपुर से आई टीम ने ट्रेंकुलाइज कर उसे अपने साथ पिंजरे में डालकर ले गए. स्वास्थ्य जांच के बाद पैंथर को सुरक्षित वन क्षेत्र में मुक्त किया जाएगा.

# जेके सीमेंट द्वारा फ़ाचर अहिरान में पशुधन विकास परियोजनान्तर्गत उत्पन्न उन्नत नस्ल के पशुओ की पशु प्रदर्शनी का आयोजन



**24 न्यूज़ अपडेट**

निंबाहेड़ा। जे.के. सीमेंट वर्क्स निंबाहेड़ा के यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल एवं हेड एच.आर. प्रभाकर मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में सामाजिक सेवा उत्तरदायित्व के अंतर्गत कार्यरत कार्यदायी संस्था जे.के. ट्रस्ट के माध्यम से समेकित पशुधन विकास परियोजना संचालित की जा रही है। यह परियोजना जे.के. सीमेंट लिमिटेड के निंबाहेड़ा व मांगरोल प्लांट के समीपवर्ती 25 ग्राम पंचायतों में क्रियान्वित है। इस योजना के अंतर्गत पशु नस्ल सुधार, चिकित्सा शिविर, टीकाकरण, हरा चारा उत्पादन एवं महिला पशुपालकों के प्रशिक्षण के माध्यम से पशुपालकों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करना जे.के. सीमेंट लिमिटेड का मुख्य उद्देश्य है। विगत कई वर्षों से जे.के. ट्रस्ट, निंबाहेड़ा द्वारा कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से उन्नत नस्ल की नई पीढ़ियों द्वारा दूध उत्पादन में सुधार किया जा रहा है, जिससे पशुपालकों को अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। आज फाचर अहीरान ग्राम में जे.के. सीमेंट वर्क्स लिमिटेड, निंबाहेड़ा द्वारा संचालित पशुधन विकास परियोजना के अंतर्गत उत्पन्न उन्नत नस्ल के पशुओं की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में निंबाहेड़ा तहसील के 212 पशुपालकों ने भाग लिया। सभी पशुपालकों ने पूर्व में ही नामांकन कर अपने पशुओं का पशुप्रदर्शनी में पंजीकरण कराया था।

पशुपालन विभाग के उप निदेशक डॉ. ओ.पी. मेहरा, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी लड्सरावन डॉ. पुरषोत्तम गुप्ता एवं पशु चिकित्सा अधिकारी मांगरोल डॉ. अनिल मौर्या की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया, जिन्होंने मुर्रा नस्ल की भैंसों, गिर नस्ल की गायों एवं होलस्टीन फ्रीजियन (एचएफ) नस्ल की गायों को चार श्रेणियों (दुधारू पशु, कटिया, बछिया एवं नर) में मूल्यांकन किया। इसके पश्चात तीनों नस्लों की चारों श्रेणियों के पशुओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रदान किया गया। इस पशु प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं पगड़ी प्रदान कर स्वागत एवं सम्मान के साथ किया गया। जे.के. सीमेंट निंबाहेड़ा के यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल ने अपने अभिभाषण में उपस्थित सभी पशुपालकों को संबोधित करते हुए कहा कि पशुपालन न केवल प्राकृतिक वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने में सहायक है, बल्कि इससे जैविक खाद के रूप में भी लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने सभी पशुपालकों को कार्यक्रम में सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया। जे.के. सीमेंट निंबाहेड़ा के एच.आर. हेड प्रभाकर मिश्रा ने अपने अभिभाषण में कहा कि जे.के. सीमेंट लिमिटेड सामाजिक सेवा के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत है, जिससे प्लांट क्षेत्र के अधिक से अधिक ग्रामीणवासियों को लाभ मिल सके। जे.के. ट्रस्ट के स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर डॉ. रवि यादव ने बताया कि जे.के. परिवार स्वतंत्रता पूर्व से ही समाज सेवा के कार्यों में संलग्न है। उन्होंने बताया कि इस पशु प्रदर्शनी के माध्यम से पशुपालकों को यह संदेश दिया जा रहा है कि पशु नस्ल सुधार के माध्यम से अधिक से अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। भावलिया ग्राम के प्रगतिशील पशुपालक प्रकाश जोशी एवं केली ग्राम के प्रगतिशील पशुपालक प्रहलाद ने जे.के. सीमेंट द्वारा चलाई जा रही पशुधन विकास परियोजना से मिले लाभ के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से उन्नत नस्ल की प्राप्ति हुई है तथा पशु चिकित्सा शिविरों से अपने पशुओं के स्वास्थ्य का ध्यान रख पाना संभव हुआ है। हाल ही में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण भ्रमण में गुजरात जाकर पशु वैज्ञानिकों से मिलने एवं उपयोगी जानकारी प्राप्त करने का भी अवसर मिला।

कार्यक्रम के अंतर्गत पशु चिकित्सा विशेषज्ञों ने भी पशुपालकों के लिए विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किए, जिनमें पशुओं के पोषण, रोग प्रबंधन, नस्ल सुधार तकनीकों एवं आधुनिक दुग्ध उत्पादन विधियों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर महिला पशुपालकों के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन भी किया गया, जिसमें पशुपालन को और अधिक लाभदायक बनाने की रणनीतियों पर चर्चा की गई। अंत में, संयुक्त पशु चिकित्सा टीम द्वारा मूल्यांकन किए गए तीनों नस्लों की चारों श्रेणियों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पशुपालकों को पुरस्कार प्रदान किया गया।उक्त अवसर पर फीचर अहिरान ग्राम पंचायत के सरपंच विक्रम अहीर, पूर्व सरपंच दिनेश अहीर एवं जे के सीमेंट के भुवनेश सिंह, जसवंत वैष्णव, आदि उपस्थित रहे साथ ही उपस्थित पशुपालकों ने कार्यक्रम की सराहना की और इस तरह की गतिविधियों के निरंतर आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

# अंतरराज्जीय ईरानी गैंग का सदस्य गिरफ्तार, ज्वेलर की दुकान से चोरी किया था 15 तोला सोना



**24 न्यूज़ अपडेट**

डूंगरपुरः सागवाड़ा थाना पुलिस ने अंतरराज्जीय ईरानी गैंग का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर सागवाड़ा में एक ज्वेलर की दुकान से 15 तोले सोने के आभूषण चोरी किए थे. इस गैंग ने राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में कई वारदातों को अंजाम दिया है. सागवाड़ा थाना प्रभारी मदनलाल खटीक ने बताया कि 25 फरवरी को सागवाड़ा निवासी परेश गोवाडिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी. रिपोर्ट में बताया गया कि उसकी सोने-चांदी की दुकान में बाबा के कपड़ों में एक व्यक्ति ग्राहक बनकर आया. कुछ देर बाद एक अन्य युवक आया, जिसने बाबा के पैर छुए और फिर दोनों आभूषण देखने लगे. बातचीत के दौरान उन्होंने परेश को अपनी बातों में उलझा लिया और c के आभूषण चुराकर फरार हो गए.

**सीसीटीवी फुटेज से हुआ खुलासाः** पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें दोनों आरोपी बाइक पर जाते हुए दिखाई दिए. बाइक के नंबर के आधार पर जांच आगे बढ़ाई गई. जांच के दौरान पता चला कि उनके साथ कार में अन्य बदमाश भी थे. इसके बाद पुलिस ने कार मालिक, मध्य प्रदेश निवासी शुभम चौरसिया को डिटेन किया. पूछताछ में आरोपी ने वारदात में शामिल होने की बात कबूल कर ली. उसने काशिम हुसैन (निवासी ईरानी मोहल्ला, जिला बारां) और हैदर अली (निवासी भोपाल, एमपी) के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया. पुलिस ने शुभम को गिरफ्तार कर लिया है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है.

# बाईक पर 20 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**24 न्यूज़ अपडेट**

चित्तौड़गढ़। बेगूं थाना पुलिस ने रविवार को अवैध अफीम डोडाचुरा की तस्करी के विरूद्व कार्यवाही करते हुए एक बिना नम्बरी मोटर साईकल पर 20 किलोग्राम से अधिक अवैध अफीम डोडाचुरा परिवहन करते हुए एक आरोपी को गिरप्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थो की धरपकड़ कर तस्करों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने हेतु समस्त थानाधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश दिये गये है। जिस पर एएसपी रावतभाटा भगवतसिह हिगड़ के निर्देशन मे डीएसपी बेगूं अजंलिसिह के सुपरविजन में थानाधिकारी बेगू शिवलाल मीणा पु. नि. के नेतृत्व मे थाने के एएसआई रामदयाल, कानि. विजय, ललितसिंह, जगदीप, रमेश व मनोहर द्वारा रविवार को पुराना बस स्टेण्ड पर पहुच नाकाबन्दी की गई। नाकाबन्दी के दौरान चेंची पुलिया की तरफ से एक बिना नम्बरी मोटर साईकल पर दो व्यक्ति बैठे हो उनके बिच में एक बेग रखकर लेकर आये जिनको पुलिस जाप्ता के द्वारा रूकने का ईशारा किया गया उक्त मोटर साईकल के चालक के द्वारा नाकाबन्दी तोडकर मोटर साईकल को कस्बा बेगूं के मुख्य बाजार की तरफ भगाकर ले गया। जिस पर पुलिस जाप्ता ने बडी मशक्कत के साथ मोटरसाईकिल चालक को घेरा देकर पकड लिया। मोटरसाईकिल चालक के पीछे बैठा व्यक्ति चलती मोटरसाईकिल से बेग को छोड़कर कूद कर भाग गया। जिसकी काफी तलास करने पर कोई पता नहीं चला। मोटर साईकल पर रखे बैगनी रंग के बेग को खोल कर चैक किया गया तो उसमें 20 किलो 080 ग्राम पिसा हुआ अफीम डोडाचुरा होना पाया गया। उक्त अवैध अफीम डोडाचुरा व मोटर साईकल को जब्त कर आरोपी एमपी के नीमच जिले के मनासा थानांतर्गत हाडी पिपलिया निवासी 24 वर्षीय संदीप पुत्र हरिशचन्द बांछडा को गिरफ्तार कर अवैध अफीम डोडाचुरा के संबंध में थाना बेंगू पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी हैं। मोके से फरार व्यक्ति विकास पुत्र भुवाना बांछडा निवासी हाडी पिपलिया, थाना मनासा जिला नीमच (म.प्र.) की तलाश जारी है।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।